हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 बालिकाओं को जन्म से ही सुकन्या योजना का लाभ...



07 संसार में हर कोई लड़ रहा महाभारत जीवन की...



### विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत माणा में शिविर का किया आयोजन

## गांव आत्मनिर्भर होगा, तो देश विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा : विक्रांत पांडे



**पात्र व्यक्तियों को लाभ देने विभागों ने लगाए स्टॉल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गांव आत्मनिर्भर होगा, तो देश विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा। हम संकल्प लें कि देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में पूरा-पूरा सहयोग करें। यह बात विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी संयुक्त सचिव विक्रांत पांडे ने रविवार को ग्राम माणा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। यात्रा के दौरान समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ प्रदान कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है, जो कोई भी व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित है, वे आवेदन भर कर लाभ जरूर लें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री



उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान हितैषी योजनाओं एवं अन्य जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन प्राप्त करते हुए पंजीयन किया गया।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना का सभी पंचायत में पात्र व्यक्ति को लाभ मिला है एवं जो भी योजना के लाभ से वंचित रहा है वह भी अपना आवेदन देकर योजना का लाभ ले सकता है। कलेक्टर ने कहा कि कृषकों की राजस्व संबंधी समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण हेतु राजस्व महा अभियान जिले में 16 जनवरी से संचालित हो रहा है, कृषक अपने राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण अभियान के दौरान जरूर करवाए। उन्होंने कहा किग्रामीणजन भी अपनी समस्याओं का निराकरण सीएम हेल्पलाइन एवं मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आवेदन देकर करवा सकते हैं।

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले की 236 पंचायत में योजनाओं का पात्र व्यक्ति तक लाभ देने के लिए शिविर आयोजित किए गए। जिसका आज समापन हुआ है, इसमें विभिन्न योजनाओं में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से धापूबाई ने उज्जवला योजना का लाभ मिलने, गोवर्धन लाल ने आयुष्मान भारत योजना में बने आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार होने, शुभम पाटीदार द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि से जीवन में आए बदलाव एवं उन्नति के बारे में अवगत कराया। शिविर स्थल पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणजनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। इस अवसर पर सरपंच ईश्वर सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी का आभार सीईओ जनपद सुसनेर राजेश शाक्य ने माना।



## मां बगलामुखी मंदिर पर की गई आकर्षक सज्जा



**नलखेड़ा।** श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर को पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के गर्भगृह सहित सम्पूर्ण मंदिर परिसर एवं परिसर में स्थित सभी मंदिरों को पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर के गर्भगृह के बाहर स्थित सोलह खंबे के पांडाल में पुष्पों से गलियारे का रूप दिया गया था, जहां भक्त दिनभर सेल्फी लेते रहे। इस मौके पर माता रानी सहित अन्य देवी-देवताओं का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया था।

### गुप्तेश्वर महादेव का हुआ आकर्षक श्रृंगार

श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार सायं स्थानीय चौक बाजार में स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिनके दर्शन के लिए देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने बनाई सुंदर रंगोलियां





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नागरिकों के साथ ही बच्चों में भी अपार उत्साह दिखाई दिया। सोमवार को बच्चों ने अपने घरों के साथ विभिन्न मंदिरों के आंगन में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के साथ अन्य धार्मिक रंगोलिया को बनाया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर महिलाओं के साथ बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर कोई इस ऐतिहासिक पल में अपने द्वारा भी कुछ यादगार कार्य को करने में जुटे हुए दिखाई दे रहे थे। नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर दास हनुमान मंदिर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर महिलाओं तथा बच्चों द्वारा सुंदर-सुंदर रंगोलियों को बनाया गया।



## शासकीय महाविद्यालय में मनाया पराक्रम दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्रबोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल एवं स्टाफ के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मुख्य वक्ता के रूप में कंप्यूटर विभाग के अनिल प्रजापति ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस से जुड़ी घटनाओं की रोचक जानकारी दी। इतिहास विभाग के डॉ. जितेंद्र चावरे ने नेताजी सुभाष चंद्रबोस के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ रावल द्वारा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्ति के सूत्र बताए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा किया गया एवं आभार अलमीना कुरेशी द्वारा माना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भारतीय विद्या मंदिर कुशलपुरा में आयोजित की श्रीराम बनो स्पर्धा



**नलखेड़ा।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तहसील के ग्राम कुशलपुरा स्थित भारतीय विद्या मंदिर में श्रीराम बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय से श्रीराम मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सभी ग्रामवासी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। ढोल के साथ नाचते हुए एवं श्रीराम के जयघोष के साथ सभी श्रीराम मंदिर तक पहुंचे जहां भगवान राम की भव्य महाआरती की गई और प्रसाद वितरित की गई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा गोलाकार आकार में चलते हुए आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



## महाविद्यालय में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत हुए कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्य-प्रदेश शासन के निर्देशानुसार राष्ट्र के गौरव भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत समस्त महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में भी 17 जनवरी को वृहद साफ सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 18 जनवरी को भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान मुस्कान गौर बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान मुस्कान पाटीदार बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान रवीना सिसोदिया बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। 19 जनवरी को रामराज्य की अवधारणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान जगदीश बीए प्रथम वर्ष एवं द्वितीय स्थान जगदीश बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। 20 जनवरी को सामाजिक समरसता के पुरोधा भगवान श्रीराम विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान सपना अजमेरा बी.एस.सी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान सपना पाटीदार बी ए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पिंकी नवाया बी एस सी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। विजेता प्रतियोगिता प्रतियोगियों को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। भगवान राम के जीवन वृत्तांत पर व्याख्यान माला प्राचार्य डॉ जी एल रावल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिस पर डॉ सुखदेव बैरागी, डॉ जितेन्द्र चावरे, डॉ गोपाल कुरील ने अपना उद्बोधन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन प्राचार्य डॉ जीएल रावल ने दिया।

**विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया**

### भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नगर में निकली शोभायात्रा

## रंग-बिरंगी आतिशबाजी और मिठाई खिलाकर मनाई राम दिवाली








हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

22 जनवरी को लगभग 500 सालों का इंतजार भगवान राम मंदिर के निर्माण एवं भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ खत्म हुआ। इस ऐतिहासिक क्षण को पूरे भारतवर्ष में जोर-जोर से धूमधाम से मनाया गया। इस गोरांवित दिन को कानड़ नगर में भी 22 जनवरी को सुबह जहां मंदिरों में को भव्य रूप से सजाया गया एवं महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया तो वहीं शाम को लगभग 7 बजे पुराने बस स्टैंड स्थित कनकेश्वर महादेव मंदिर से ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। आगर से आए सरगम बेंड,ढोल पार्टी व झांकियों के साथ शोभा यात्रा पूराने बस स्टैंड से शुरू हुई शुरू होकर दयानंद मार्ग, पुराना झंडा चौक, गणेश चौक, बजरंग मोहल्ला, रजवाड़ा, शिवडेरा होते हुए पुनः कनकेश्वर मंदिर पहुंची जहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया।

### सुसज्जित बग्गी में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान विराजे

नगर में निकली विशाल शोभा यात्रा में सुसज्जित बग्गी में राम लक्ष्मण सीता एवं हनुमान के वेशभूषा में युवक सवार थे जोकि शोभा यात्रा में साक्षात राम दरबार की उपस्थिति दर्शा रहे थे। शोभा यात्रा में वीर हनुमान का वज्र रूप धारण कर युवक चलित झांकी में प्रदर्शन करते चल रहा था कभी अपनी गदा को घुमाते तो कभी गदा से वार करते झांकी में उपस्थित हजारों लोगों को आकर्षित करते चर्चा का विषय रहा। हजारों श्रद्धालुओं के बीच भगवान राम की झांकी व हनुमान जी का स्वरूप है युवक को देख ऐसा लग रहा था मानो साक्षात राम इस शोभायात्रा में चल रहे हो।

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

नगर में निकली हजारों श्रद्धालुओं के साथ ऐतिहासिक शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा शोभा यात्रा में चल रहे भक्तों के लिए कहीं खीर, कहीं खिचड़ी,गुलाब जामुन, लड्डू आदि कई स्थानों पर संगठनों द्वारा वितरित किए गए।

### राम दीपावली पर जमकर हुई आतिशबाजी

रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित भक्तों द्वारा दीपावली से भी अधिक जोश में रंग बिरंगी आतिशबाजी के साथ देर रात तक राम दिवाली उत्सव मनाया। सुबह लगभग 12 बजे भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के साथ आतिशबाजी शुरू का दौर शुरू हुआ जो की देर रात तक आसमान में रंग-बिरंगी आतिशबाजी के नजारे के साथ समाप्त हुआ।

**खबर संक्षेप**

## मोबाइल नंबर व आधार सीडिंग नहीं होने पर नहीं मिलेगा राशन

**देवास।** जिले में राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करने के लिए अपना मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग(इकेवायसी) का कार्य शीघ्र करवाले। जिन हितग्राहियों ने अपना मोबाइल नम्बर सीडिंग नहीं कराया है, उन्हें अगले माह से राशन नहीं मिलेगा। जिले के शेष हितग्राही शीघ्र मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग(इकेवायसी) कार्य करवालें। जिससे संबंधित हितग्राही को उचित मूल्य दुकान से राशन मिल सके। जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि जिले में मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग कार्य के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हितग्राही संबंधित उचित मूल्य दुकान पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग कार्य करवा सकते है।

## प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव पर हुआ सुंदरकांड पाठ

**देवास।** अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राजपूत रामायण महिला मंडल अध्यक्ष डॉ. ममता पंवार के निवास पर सुंदरकांड पाठ कर प्रसादी का वितरण किया गया। अनवी अग्रवाल श्रीराम और भाविनी कवर पवार माता सीता बनी। लीला राठौड़, दमयंती जादौन, खुशबू पंवार, रजनी राठौड़,आशा पंवार, कल्पना चौहान,कल्पना सेंगर, बबीता राजपूत,सुनीता सेंगर, रश्मि पाण्डेकर, रिना, लीना अग्रवाल, प्रगति, पूर्व पार्षद सुनीता तोमर सहित समाज की महिलाएं भी शामिल हुई।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# बालिकाओं को जन्म से ही सुकन्या योजना का लाभ दिलाया जाए: कलेक्टर गुप्ता

### जिले को सुकन्या जिला बनाने जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के जन्म पर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से निःशुल्क बनाएं जाएंगे आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि देवास जिले को सुकन्या जिला बनना है। जैसे ही बालिका का जन्म हो उसको सुकन्या योजना का लाभ दिया जाए। सुकन्या योजना सामाजिक कल्याण का कार्यक्रम है। पोस्ट ऑफिस प्रतिदिन जिला अस्पताल में कैंप लगाए और कर्मचारियों की जिला अस्पताल में बैठाए। जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के जन्म पर ही पोस्ट ऑफिस के माध्यम से निःशुल्क आधार कार्ड बनाएं जाए। बैठक में परियोजना अधिकारियों को पोस्ट ऑफिस अधिकारियों के नंबर दिए गए। जिससे अधिकारी आपस समन्वय स्थापित कर सके। कलेक्टर गुप्ता ने महिला बाल विकास को निर्देश दिए की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने वार्ड में 10 वर्ष तक की लड़कियों की सूची बनाएं। जिससे उन्हें सुकन्या योजना का लाभ दिलाया जा सके। जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं उनके आधार कार्ड बनाया जाए। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाये। जिसमें 05 वर्ष की बच्चियों के आधार कार्ड निःशुल्क बनाए जाएंगे और 10 वर्ष की बच्चियों का सुकन्या समृद्धि खाता खोला जाएगा। योजना का उद्देश्य बालिकाओं के भविष्य को समृद्ध करना है। बैठक में बताया गया कि योजना में अभिभावक कम से कम 250 रुपए एवं अधिक से अधिक 01 लाख 50 हजार रुपये तक जमा कर सकते हैं। योजना में आय का कोई बंधन नहीं है, ब्याज दर की सर्वाधिक 8.02 प्रतिशत है। अभिभावकों को आय कर में भी छूट मिलेगी। जन्म से 10 वर्ष तक की आयु की बालिका के नाम से किसी भी डाकघर में यह खोला जा सकता है। एक बालिका के नाम से केवल एक खाता ही खोला जा सकता है। बालिका के नाम से खाता उसके अभिभावक द्वारा संचालित किया जाएगा एवं अभिभावक अधिकतम दो बालिकाओं के खाते खोल सकते है। न्यूनतम 250 रूपये से खाता खोला जा सकता है। एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 250 रूपये जमा कराना आवश्यक है। एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 01 लाख 50 हजार रुपये जमा किये जा सकते हैं। सुकन्या योजना खाते में 15 वर्ष तक रकम जमा की जाएगी। खाता खोलने के लिए बालिका का जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक है। सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दर से चक्रवृद्धि वार्षिक ब्याज खाते में देय होगा। बालिका की उम्र 18 वर्ष होने पर शिक्षा/विवाह संबंधी खर्चो की पूर्ति के लिए पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के शेष की 50 प्रतिशत राशि निकाली जा सकती है। भारत में कहीं भी एक डाकघर से दूसरे डाकघर में खाता स्थानांतरित किया जा सकता है। खाता खोले जाने की तिथि से 21 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात खाता परिपक्व हो जाता है। बालिका की उम्र 18 वर्ष होने के पश्चात बालिका का विवाह होने पर खाता बंद किया जा सकेगा। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिला योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कर कलेक्टर कार्यालय में सूचित करें।जिले में आंगनवाडी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करें। गुप्ता ने कहा कि स्वामित्व योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। स्वामित्व योजना अंतर्गत भूमि के नक्शे का प्रकाशन अभियान चलाकर करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांकन, बंटवारे के लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए ईकेवायसी जरूरी है। इसके लिए शिविर आयोजित कर ईकेवायसी का कार्य पूर्ण करें। हितग्राहियों को राशन वितरण के लिए मोबाइल नम्बर एवं आधार सीडिंग का कार्य अभियान चलाकर करें। जिनका मोबाइल नम्बर सीडिंग कार्य नहीं हुआ है। उनके मोबाइल नंबर सीडिंग करवाएं जाएं। आधार सीडिंग और मोबाइल सीडिंग कार्य में प्रोग्रेस नहीं होने पर खाद्य विभाग संबंधित राशन दुकान को कमीशन भी नहीं दें। जिन हितग्राहियों ने मोबाइल नम्बर सीडिंग नहीं कराया है, उन्हें अगले माह राशन नहीं दे। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि जिले में कोटपा अधिनियम के तहत निरंतर कार्यवाही करें। जिले में सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, शासकीय कार्यालय, मनोरंजन केन्द्र, पुस्तकालय, अस्पताल, स्टेडियम, होटल, रेस्टोरेंट, शापिंग मॉल, निजी कार्यालय, न्यायालय परिसर, सिनेमा हॉल, चाय की दुकान, प्रतिक्षालय, मिष्ठान भण्डार, ढाबा जैसे अन्य सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर संबंधित के खिलाफ चालानी कार्रवाई करें।

# बागली रेंज अंतर्गत हुआ अनुभूति कार्यक्रम

### स्कूली बच्चों को कराया जंगल भ्रमण



**बागली** अनुभूति कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के माध्यम से वन मंडल देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र बागली में अनुभूति कार्यक्रम मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल सेवन्याखुर्द के बच्चो के लिए पर्यावरण सह जागरूकता हेतु अनुभूति केम्प का आयोजन कैलाशनगर मेआयोजित किया गया। कैम्प में उप वन मंडल अधिकारी बागली अमित सोलंकी, वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली गजानंद बिरला एंव मास्टर ट्रेनर्स कृष्णा यादव वनरक्षक द्वारा वन एवं वन्यप्राणीयो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।जंगल भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रकार के शाकाहारी/मांसाहारी वन्यप्राणी तितलीया,सर्प,पक्षी- पक्षीयों इत्यादि की जानकारी दी गई। मृदा के अपरदन की रोकथाम के साथ साथ बच्चों को भू जल संरक्षण की जानकारी दी। अनुभूति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुरली भँवरा द्वारा स्कूली बच्चों से आव्हान किया कि प्रत्येक जन्म दिन पर घर,स्कूल और मंदिर परिसर में 1-1 पौधा अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में अशोक पटेल, अंतिम सिसोदिया, लखन सोनी, समाज प्रगति सहयोग के सदस्य, समिति अध्यक्ष, सरंपच गण एवं शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंतिमा बछानिया, द्वितीय अभिषेक, तृतीय आराधना भास्कर प्राप्त किया गया। बच्चों द्वारा जंगल में आग न लगाने एवं आग की सूचना तुरन्त वन विभाग को सूचना देने की शपथ दिलाई गई।

# संस्था श्री विश्वराजा का भजन संध्या व भंडारा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देशभर में उत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में संस्था श्री विश्व राजा भगवान श्री सत्यनारायण की संगीतमय हरी कथा, रामजी के भजन व संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम जय श्री नगर मनकामनेश्वर मंदिर आयोजित किया गया।

जिसमें जय श्री नगर मनकामनेश्वर मंदिर समिति द्वारा बच्चों को राम दरबार के रूप में सजाया व शोभायात्रा भी निकाली। कार्यक्रम में पंडित संदीप शास्त्री द्वारा संगीतमय हरि कथा की इसके पश्चात भव्य भोजन भंडारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि विक्रमसिह पवार उपस्थित रहे। पंवार द्वारा संस्था के सभी सदस्यों व कालोनी वासियों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं स्थानीय पार्षद ऋतु सवनेर द्वारा जयश्री नगर मंदिर समिति को गौ सेवा के लिए धन एकत्रित करने हेतु गौ माता की प्रतिमा व धन संग्रह पात्र भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जय माई की परिवार के अरूण तिवारी गुरु जी मुखर्जी संस्था राम राम के संस्थापक शैलेन्द्रसिंह पवार व बड़ी संख्या में कालोनीवासी व संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

## सीएमएचओ डॉ. उईके ने किया औचक निरीक्षण

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विष्णुलता उईके ने मंगलवार को बरोठा ब्लॉक के हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर क्षिप्रा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने कोल्ड चैन पाईन्ट में वैक्सीन के रख रखाव, टेली मेडिसीन, टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुसार उपलब्धि की समीक्षा कर रिकार्ड देखा। निरीक्षण के दौरा सीएमएचओ ने क्षिप्रा एएनएम निलिमा परमार और सीएचओ चेतना राठौर को शासन के निर्देशानुसार समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सेवायें हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के नवीन भवन में प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कोल्ड चैन प्रभारी इमरान शेख को निर्देश दिये कि पंचायत भवन से कोल्ड चैन पाईन्ट को शिफ्ट कर नवीन भवन से वैक्सीन का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अनुपस्थित सुपरवाईजर इकबाल मोदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कार्यक्रम के तहत डॉ शाहिद शेख जिला सर्विलेस अधिकारी डॉ कर्तव्य कुमार तिवारी द्वारा एसपीएल फार्म रिपोर्ट के सम्बंध में एसफएमएस सिर्विलेंस कार्य क्षिप्रा, छोटा टिगरिया, डबलचौकी और बरोठा में किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ शाहिद शेख जिला सर्विलेस अधिकारी एवं ईपीडिमियोलॉजिस्ट डॉ कर्तव्य कुमार तिवारी, जिला मीडिया अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विज्ञान महाविद्यालय में अभाविप ने किया भजन माला का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रभु श्री रामलला की अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विज्ञान महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक भजन माला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों व स्टाफ ने उत्साह से हिस्सा लिया। इस आयोजन का संचालन एबीवीपी नगर महाविद्यालय सह प्रमुख अनुज प्रजापति ने किया। गायन पवन पांचाल एवं पलक मिश्रा ने किया। कोरस गायन संदीप बाड़ोलिया, अंजली शर्मा, आर्टिस्ट में यश पागनीश एवं अरविंद ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के रूपरेखा एबीवीपी कॉलेज इकाई अध्यक्ष आदित्य राठौर ने तय की। इस अवसर पर शिवानी, नेहा, श्रद्धा, हर्षिता, कुणाल, विजय, दिव्यांश, गौरव, नितिन, सुहानी, अंजली, मोहित, दीपक, जूही, विशाल, सलोनी, शुभम, अजय, सचिन आदि ने अपनी भूमिका निभाई।

# बहु प्रतिष्ठित मुंबई मैराथन में देवास के चार धावक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुंबई शहर में प्रतिवर्ष होने वाली मैराथन में इस बार विश्व भर से 56000 धावको ने हिस्सा लिया। शहर के चार धावको ने भी इस मैराथन में हिस्सा लिया। 42 किलोमीटर की फुल मैराथन शहर के धावक सुरेंद्र शुक्ला ने 4 घंटे 15 मिनट में पूर्ण की, वही शहर के युवा धावक अभिषेक लाठी ने 42 किलोमीटर की फुल मैराथन 5 घंटे 19 मिनट मे पूर्ण की। 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन शहर के धावक आशीष गुप्ता ने 3 घंटे 19 मिनट में और 60 वर्षीय धावक अजय पंडित ने 3 घंटे 19 मिनट में हाफ मैराथन पूर्ण की। पिछले कुछ वर्षों में शहर में साइकलिंग और रनिंग की गतिविधियां बड़ी है, लोग सवेरे रनिंग करते हुए व साइकलिंग करते हुए देवास शहर की सड़को पर दिखाई देते हैं। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता निश्चित ही शहर में समय-समय पर होने वाली खेल गतिविधियां हैं। अभिषेक लाठी पिछले 1 वर्ष से रनिंग की प्रैक्टिस कर रहे हैं, लाठी इससे पहले कई हाफ मैराथन पूर्ण कर चुके हैं।

# कुरुक्षेत्र खेल स्पर्धा-2024 ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी में हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




कुरूक्षेत्र खेल स्पर्धा, स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को आक्सफोर्ड मालवा एकेडमी में मुख्य अतिथि अरुण राठौर, प्रवीण सक्सेना की उपस्थित में हुआ। खेल मैदान पर फीता काटकर कुरुक्षेत्र प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत संस्था प्राचार्य वीरेंद्र सहाय, कार्यकारिणी सदस्य भारत पाटीदार ,अशोक पाटीदार, महेंद्र पाटीदार और रोहित पटेल के द्वारा मां भारती एवं सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी की 2023 व 2024 की गतिविधियां नगर भर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस दौरान फैंसी ड्रेस कम्पीटिशन भी हुआ, जिसमें बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, स्वयंसेवक, राष्ट्र रक्षक, राम, लक्ष्मण व सीताजी की वेशभूषा में आए और सभी का मन मोहित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथि स्वागत भाषण आदित्य बम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### अयोध्या में हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अमलतास ने किए आयोजन

# रामोत्सव: अमलतास में एक लाख दीपकों से बना राम मंदिर





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर अमलतास विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार शाम को दीपोत्सव मनाया गया।

महोत्सव के अंतर्गत 1 लाख दीपकों से भव्य श्रीराम मंदिर बनाया गया। इस दौरान पूरा अमलतास अस्पताल दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा। विश्वविद्यालय स्टाफ ने एक-दूसरे को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। अमलतास अस्पताल प्रबंधन के इस महोत्सव में शामिल प्रत्येक व्यक्ति भाव-विभोर हो उठा।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अमलतास विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। आयोजन में सोमवार को पूरा परिसर प्रभु राम की भक्ति के रंग में ओतप्रोत नजर आया। अमलतास वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित अमलतास स्पेशल स्कूल के बच्चों ने श्री राम महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन किया। रामधुन पर नृत्य कर दिव्यांग बच्चों ने मन मोह लिया। मरीज और उनके परिजन भी रामोत्सव में शामिल हुए। अमलतास विश्वविद्यालय परिसर को अयोध्या नगरी जैसा सजाया गया।

शाम को भव्य श्रीराम मंदिर सजाया गया। सभी छात्रों एवं कर्मचारियों ने 1 लाख दियों से श्रीराम मंदिर को अद्भुत एवं दिव्य आकार दिया। उमंग और उत्साह के वातावरण में जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए। इस अवसर पर रामलीला का आयोजन भी किया गया। भजन-कीर्तन के साथ राम यात्रा भी निकली और महाप्रसाद का वितरण किया गया।

अस्पताल विश्वविद्यालय के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया द्वारा पांच दिवसीय महाआयोजन में सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की सभी को बधाई दी।

# गुनेरा में हनुमान मंदिर पर कलश व शिवलिंग कि हुई प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीप ग्राम गुनेरा में नवनिर्मित हनुमान मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा तीन दिवसीय आयोजन कर, सोमवार के दिन हनुमान मंदिर में भगवान भोलेनाथ कि शिवलिंग एवं हनुमान मंदिर के ऊपर कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा शिवलिंग और कलश का गांव भ्रमण कराकर अनुष्ठान शुरू किया गया। इस दौरान सात जोडो द्वारा तीन दिवसीय यज्ञ में आहुति दी गई। समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया ,जिसमें बड़ी संख्या ग्रामीणों ने सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन किया गया।

### होटल द ग्रेंड गिरधर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बोले इंद्रेशजी महाराज

# संसार में हर कोई लड़ रहा महाभारत जीवन की बागडोर श्री कृष्ण को सौंपें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सामरसिंगा परिवार द्वारा होटल द ग्रेण्ड गिरधर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस इंद्रेशजी महाराज ने महाभारत युद्ध का प्रसंग सुनाते हुए श्रावकों को महाभारत से जीवन जीने की कला सीखने का मार्ग बताया। उन्होंने कहाकि संसार में हर कोई महाभारत की तरह जीवन व्यतीत कर रहा है। निर्णय और आत्मचिंतन करना होगा कि इस महाभारत रूपी संसार में हम पाण्डव हैं या कौरव।

यदि हमारे भीतर पाण्डवों के गुण विद्यमान हैं तो भी विजयी होने के लिए जीवन की बागडोर भगवान श्रीकृष्ण को सौंपना होगा। इंद्रेशजी महाराज ने महाभारत के युद्ध की तुलना संसार के तमाम व्यक्तियों के जीवन से करते हुए रोचक प्रसंग सुनाए और ज्ञानवर्धक उपदेश दिए। उन्होंने बताया कि लोग जन्म से ही महाभारत लड़ रहे हैं। पृथ्वी पर जन्म लेने के उपरांत जैसे ही बुद्धिमान होने लगते हैं, व्यक्ति के जीवन में महाभारत शुरु हो जाती। महाभारत सबकी चल रही है। बस हमें यह बता लगाना है कि हमारा पक्ष कौरव हैं या पाण्डव। इंद्रेशजी ने बताया कि जिस व्यक्ति के पास युद्धिधिष्टर की तरह धर्म, भीम की तरह बल, अर्जुन की तरह प्रेम, नकुल की तरह बुद्धि और सहदेव की तरह रूपवान होने का गुण है और वह अपना जीवन श्रीकृष्ण को सौंप देता है तो वह पाण्डव है।



इसके साथ ही व्यक्ति को द्रोपदी की तरह दया का भाव भी रखना होगा। व्यक्ति के जीवन में दया आवश्यक है। क्योंकि उक्त पांचों गुण कौरवों के पास भी थे। लेकिन पाण्डवों के पास द्रोपदी के रूप में दया और भगवान श्रीकृष्ण का वरदहस्त था। इसलिए वे महाभारत जीते। सद्मार्ग दिखाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण का होना आवश्यक है। यदि श्रीकृष्ण की भक्ति नहीं है तो महाभारत में हार जाओ। श्रीकृष्ण से आशय ज्ञान के रूप में है। दया के साथ व्यक्ति के पास ज्ञान होना चाहिए।

# वनों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बच्चों को कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 21-01-24 को वन विभाग वन परिक्षेत्र राघोगढ़ द्वारा ग्राम इसाटोडा के समीप कुदया जंगल मे स्कूली बच्चों को वन भ्रमण कराकर *अनुभूति* कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वन परिक्षेत्र अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघोगढ़ के कक्षा 9 से 12 के 126 विद्यार्थियों को वन क्षेत्र मे बनाये गए प्रकृति व्याख्या पथ पर भ्रमण कराकर वनों एवं वन्यप्राणियो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी । कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन कराया गया जिसमे बच्चों द्वारा पोंड हेरोन, कॉमन हुप्पू, जंगल वाबलर, इजिप्शियन वल्चर, गौरैया, तौता, आदि पक्षियों के बारे में जाना। प्रकृति व्याख्या पथ पर भ्रमण कराते हुए वन क्षेत्र में मृदा एवं जल संरक्षण हेतु वन विभाग द्वारा किये जाने वाले कंटूर ट्रेंच, बोल्डर चेक डेम आदि की जानकारी देकर जल एवं मृदा संरक्षण कार्यो की अनुभूति कराई गई। वन क्षेत्र में पाए जाने वाली वृक्ष प्रजातियों जैसे कुल्लू, तेंदू, अचार, महुआ, बहेड़ा , पलाश,



लेंडिया, सागौन, अर्जुन, अमलताश, शीशम, आदि बृक्षों से परिचय कराते हुए उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही इस वन क्षेत्र में पाये जाने वाले वन्यप्राणियो नीलगाय, लकड़बघ्घा, सियार, जंगली सुअर आदि के बारे में जानते हुए वन क्षेत्र में खाद्य शृंखला एवं खाद्य जाल में प्राणियों की एक दूसरे पर अंतर्निर्भरता बताई गई। वर्तमान परिदृश्य में वनों के प्रति आ चुनोतियाँ जैसे अवैध कटाई, अतिक्रमण, आगजनी एवं अवैध शिकार की रोकथाम एवं स्थानीय जनमानस में वन विभाग द्वारा वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण हेतु किये जाने वाले जागरूकता संबधी दायित्वों तथा इनके लाभों की जानकारी दी गयी। वन विभाग की प्रशासनिक संरचना के बारे में विस्तार से बताया गया। वन भ्रमण से बापिस आकर भोजन उपरांत पर्यावरण एवं वन सुरक्षा विषय पर मनोरंजनात्मक गतिविधि जैसे प्रो-प्लेनेट पीपुल बनने सम्बन्धी मध्यप्रदेश ईकोटूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा विकसित बोर्ड गेम, कागज से टाइगर क्राफ्ट निर्माण, वनोषधि को पहचाने सम्बन्धी कार्ड गेम आदि गतिविधियां आयोजित कराई गई। एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को इनाम तथा प्रमाण पत्र वितरण किये गए । कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर वाय. जी. गोस्वामी सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक, विष्णु प्रसाद वशिष्ठ, सेवानिबृत्त क्षेत्रपाल, के. सी. अहीर वन परिक्षेत्र अधिकारी राघोगढ़, चंद्रमोहन शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी द्वारा बच्चों को वनों से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की रोचक जानकारियां देते हुए वनस्पति एवं वन्यप्राणियों की विशेषता एवं उनकी पहचान के बारे में बताया गया, कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रसाद वशिष्ठ , शांता ब्रिजिट कुजूर वनपाल सहित वन परिक्षेत्र राघोगढ़ का स्टाफ उपस्थित रहा।

# अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर नगर में हुए कई धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन


अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में नगर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए दिन की शुरुआत शांकनाथ के साथ हुई प्रभात फेरी निकली नगर में चारों तरफ मंदिरों पर विशेष पूजा अर्चना भंडारे सुंदरकांड पूरे आरोन शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया रंगोली सजाई गई संतो के नाम से तोरण गेट लगाए गए और शाम को भजन संध्याओं का दौर भी कई मंदिरों पर चला वही इस उत्सव पर घरों पर रोशनी की गई एवं दीप जलाए गए समाजसेवी द्वारा नगर में निकलेगए चल समारोह का लड्डू मिठाई पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया नगर में सनातन शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित राम कथा का समापन भी नगर भोज भंडारे के साथ हुआ वही ग्रामीणों से भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार भी प्राप्त हुए।



## समाचार संक्षेप

### पावन कथा का ग्रंथ श्री रामचरितमानस 50 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध कराया गया

**आरोन।** अयोध्या में भव्य-दिव्य-नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में श्री रामललाजी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में राम जी की पावनकथा का ग्रंथ श्री रामचरितमानस 50% छूट पर उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि रघुवंशी समाज द्वारा विगत 10 वर्ष से गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, विदिशा जिलों के ग्रामीण अंचलों में मासिक रूप से मानस संगोष्ठी का आयोजन निरंतर चल रहा है। संगोष्ठी में रघुवंशी समाज के द्वारा 50 % छूट पर राम चरितमानस एवं श्रीमद् भागवत गीता आदि ग्रंथ सभी इच्छुक जनों के लिए उपलब्ध होते हैं। इस संगोष्ठी समिति द्वारा आरोन में चल रही रामकथा के भव्य पण्डाल में श्रोताओं को 50% डिस्काउंट पर सैकड़ों रामचरितमानस ग्रंथ उपलब्ध कराये गये! कथा व्यास पंडित नीरज कृष्ण शास्त्रीजी ने रघुवंशी समाज द्वारा एक दशक से चलाई जा रही मासिकमानस संगोष्ठी गतिविधि एवं आधे मूल्य पर उपलब्ध कराए जा रहे सद् ग्रंथ सेवा कार्यों की व्यासपीठ से भरपूर प्रशंसा की। मासिक संगोष्ठी केसूत्राधार शिक्षक- ओमवीर सिंह रघुवंशी, महेंद्रसिंह रुसल्ला, भगतजी देवीसिंह, गिरीश सिंह, बंटी खामखेडा आदि ने कथा पण्डाल में स्टाल लगाकर लोगों को ग्रंथ उपलब्ध कराये। संगोष्ठी समिति के वरिष्ठ सदस्य रामवीरसिंह बेरखेड़ी, घनश्याम सिंह सेजी, रामकुमार हिनोतिया ने अपने संयुक्त वक्तव्य में बताया कि- समाज जनों की सहयोगी राशि से 50% छूट का उद्देश्य है कि- घर-घर श्री रामचरितमानस पहुँचे और प्रत्येक सनातनी के घर रामकथा पढी-सुनी जाती रहे ।



### कुमरयाई के पूर्व सरपंच गंगाराम अहिरवार बने अहिरवार समाज संघ ग्वालियर संभाग अध्यक्ष

**आरोन।** अहिरवार समाज संघ के संस्थापक चौधरी अमन सिहं नरवरिया के आशीर्वाद से महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष बहन संगीता गोलिया प्रदेश एवं प्रदेश महासचिव रामकृष्ण दैलवार अहिरवार समाज संघ गुना के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल अहिरवार की अनुसंशा पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार की सहमति से गंगाराम अहिरवार पूर्व सरपंच कुमरयाई को अहिरवार समाज संघ ग्वालियर संभाग अध्यक्ष बनाएं नियुक्त किए गए। बधाई कर्ता किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अरुण रघुवंशी, कमल अहिरवार माता मूडरा, जीतू दांगी युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूरालाल अहिरवार अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ ब्लॉक आरोन, राजा राम यादव आमखेड़ा, बृजेश बकील साहब,अनंत शर्मा गोविन्द पुर,अजय पाल यादव आमखेड़ा, रंधीर खिरिया दांगी, चैन सिंह दैलवार बालापुर,हेमन्त गेहूं खेड़ा, सोनू कुन्दौली, मलखान रामपुर, दर्शन रुसल्ली खुर्द, सोनू बरोद, सीता राम आरोन, गजराज कुमरयाई, शिवकुमार मुंडा खेजरा, शिवकांत गोलियां, हरिओम रुसिया, रानू रायपुर, धर्मेन्द्र खिरिया दांगी, आदि।



# राममय रहा कस्बा, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नईसराय

अयोध्या धाम में हुई भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा में कस्बे की गलियों को भगवा पटाका लगाकर सजाया गया। राम जानकी अस्तल मंदिर की सजावट की गई तो कस्बे के प्राचीन सुरई मैदान में स्थित आसमानी माता मंदिर पर श्रीवास्तव परिवार के द्वारा आकर्षक लाइटिंग की गई एवं सोमवार को दोपहर में सुंदर काण्ड पाठ कराया गया और दोपहर के 12 बजे कस्बे के मंशा पूर्ण मंदिर से भगवन राम के बाल स्वरूप बनाकर रथ तैयार किया गया और शोभा यात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा मंशा पूर्ण हनुमान जी मंदिर से शुरू हुई जो की म्याना रोड होते हुए कुशवाह मोहल्ला से हवेली गली से जैन मंदिर गली से पावर हाउस से बस स्टैंड होते हुए मेन मार्केट से पुराना बाजार से होते हुए अस्ताल मंदिर पहुंची। जहा पर राम धुन का कीर्तन किया गया उसके बाद महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया शोभायात्रा में लोग राम धुन पर डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे वही शोभायात्रा का लोगो ने जगह जगह प्रसाद बाटकर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया कस्बे के सभी मंदिरों को लाइटिंग एवं फूल माला बैलून लगाकर साज सज्जा की गई एवं कस्बे की गलियों को पटाका लगाकर सजाया गया शोभायात्रा में थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता मय पुलिस बल के सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे वही अस्ताल मंदिर पर ग्राम पंचायत के द्वारा एल ई डी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या धाम में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव दिखाया गया जो की लोगो ने मंदिर परिसर में बैठकर देखा सांय को मंदिरों पर एवं घरों पर दीपक जलाकर रखे गए एवं भगवान श्रीराम लला प्राणप्रतिष्ठा को दीपावली उत्सव के रूप में मनाया गया।



# राजपुर में भक्ति भाव से निकाली गई शोभायात्रा



**अशोकनगर।** अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राजपुर कस्बे में हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जिसमें छोटे-छोटे बालिकाओं महिलाएं कलश लेकर निकली । शोभा यात्रा के पहले जैन मंडल के युवा ढोल नगाड़े बजाकर चल रहें थें। इसके पीछे डी जे के धुन पर युवा जय सियाराम के नारे लगा रहें थे। इसके पीछे कलश शोभायात्रा कै पीछे वगगी मैं राम सीता लक्ष्मण कों वीराजमान कर चल रहें थे राजपुर में यह पहली वार देखनें कों मिला की सभी लोग जुलुश में समील होकर चल रहें थे रास्ते में जिस गली मुहल्ले से यात्रा निकाली वहां पर रहने वालों ने पुष्प वर्षा कर सभी लोगों का अभिनंदन किया यह यात्रा सयाम कों हनुमान मंदिर चोराहे रामलीला मैदान पहुंची वहां अन्य कूट वितरण किया गया राजपुर के वालाजी मन्दिर नव युवा मंडल जैन युवा मंडल सभी हिन्दू परिषद कै लोगों ने आभार व्यक्त किया।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढोडिया निवासी रघुनाथ यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी चंद्रपाल,षीलकुमार,अनिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरखेडी निवासी प्रमोद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रामबाबू अहिरवार अमोल अहिरवार राजाबाबू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावसर निवासी अभिषेक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी मनीराम और विवेक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईसिटी कालोनी अशोकनगर निवासी निखिल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अज्ञात आरोपियो उसकी गाडी मे तोड फोड की व उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# प्राण-प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रभाषा प्रचार प्रसार समिति इकाई अशोकनगर द्वारा एक काव्य गोष्ठी का आयोजन हजारेष्वर मंदिर पर किया गया। गोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथियों कवि सुभाष जैन सरल ,दिनेश बिरथरे एवं प्रियकांत माथुर द्वारा माँ शारदे की पूजन अर्चन से की गई। सरस्वती वंदना का वाचन दूधनाथ मधुकर ने किया।

मुख्य अतिथियों ने रामचरित मानस पर वक्तव्य दिए।कवियों द्वारा भगवान राम पर विभिन्न कविताओं एवं गीतों का वाचन किया गया। गोष्ठी का संचालन जगदीश शर्मा सहज ने किया। कवि दिनेश विरथरे ने रचना- उस परम पिता परमेश्वर से, मैने जड़वत व्यवहार किया,एक छोटी सी विनती सुन प्रभु ने मुझ पर उपकार किया का वाचन किया। कवि गिरजेश भार्गव ने प्राणप्रतिष्ठा रामलला की,गाओ मंगल गीत, महेश श्रीवास्तव ने उठा लो बेर नेकी के ,कभी तो राम आएंगे, की रचना पढी। जगदीश शर्मा सहज ने हजारों साल से बैठे दिलों में राम हैं सबके गीत का वाचन किया। प्रेमनारायण श्रीवास्तव ने सामाजिक एकता के प्रतीक राम पर काव्यरचना प्रस्तुत की। प्रमेन्द्र भार्गव ने राम को याद करती कहानी सुनो,राम को भूलती ये जवानी सुनो, का पाठ किया। शानू जैन ने हओ शब्द की व्याख्या कर गुदगुदाया एवं भारत भूमि को गर्व है श्रीराम पर, मुकेश प्रजापति ने प्रभु श्रीराम अयोध्या आये हैं , दूधनाथ मधुकर ने खबर क्या थी समंदर में भी यूँ तूफान आएंगे एवं राम गीत पढा। एल एन सोनी ने ;रामलला अपने जीत गए गुरु, भारत के सपने पूरे हो गए गुरु रचना का वाचन किया।प्रियकांत माथुर ने गजल-होते होते होले होले वो मेरे इतने करीब हो गए के साथ भगवान राम पर रचना भी पढ़ी। सुभाष जैन सरल ने अपनी कविता प्रभु ने मेरे तट पर आकर रामेश्वर दर्शन करवाया, भारत की पहचान राम हैं भारत का सम्मान राम हैं का वाचन किया। अंत में पुजारी दुर्गेश भार्गव का कवियों द्वारा सम्मान किया गया।गोष्ठी में काफी संख्या में काव्यरसिक श्रोता उपस्थित थे ।




# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**कानड़।** महावीर क्लीनिक कानड़ आडीगार्डी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल उज्जैन द्वारा सफलतम मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। महावीर क्लीनिक पर लाइफ सेवा संस्थान उज्जैन द्वारा रविवार को सर्व रोग विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में कानड़ तथा आसपास का ग्रामों से आए हुए 517 रोगियों की निशुल्क जांच इलाज परीक्षण करवाया गया तथा दवाइयां भी निशुल्क दी गईं। इसके साथ ही 53 गंभीर और अशक्त रोगियों को चयनित करके निशुल्क हॉस्पिटल के वाहन द्वारा उज्जैन ले जाया गया। वहां पर उनके उच्च स्तरीय जांच इलाज और आवश्यक ऑपरेशन भी निशुल्क किए जाएंगे। इस शिविर के शुभारंभ में सर्जरी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र प्रकाश मुखिया नेत्र रोग विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ मनोज मेहता,चर्म रोग विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर उज्जवल सिंह तथा महावीर क्लिनिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी विषय के विशेषज्ञों के लगभग 30 डॉक्टरों द्वारा आज कानड़ में रोगियों का परीक्षण किया गया शिविर का आयोजन चिकित्सा भारती संस्थान व सिटी लाइफ सेवा संस्थान उज्जैन द्वारा किया गया। सहयोग महावीर क्लीनिक कानड़ के डॉ डोडिया और गणमान्य लोगों का रहा।

### ग्राम भैंसायागढ़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुए राज्यपाल

# कोई भी पात्र व्यक्ति केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे : पटेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

कोई भी पात्र जरूरतमंद व्यक्ति केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यह बात प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंगलवार को शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील के ग्राम भैंसायागढ़ा में संपन्न हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जनपद पंचायत कालापीपल अध्यक्ष सरिता भोजराज पंवार, भैंसायागढ़ा सरपंच लखनसिंह बाघेला, रामड़ी सरपंच सुनील अहिरवार, कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में शासन के अधिकारी आपके आंगन में आकर शासन की योजनाओं से लाभांवित कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार स्वयं जरूरतमंद के पास आई है वरना व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाना पड़ता था। सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति गरीब न रहे, उसे शासन की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाकर लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाभांवित हितग्राही स्वयं आगे आकर बता रहे हैं कि पहले उनकी स्थिति क्या थी और योजना से लाभांवित होने के बाद आज क्या स्थिति है। इसी तरह आयुष्मान भारत निरामयम योजना भी आमजन के लिए बड़ी हितकारी है। पहले गरीब व्यक्ति यदि बीमार होता था तो उसे उपचार के लिए बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था अब इस योजना से गरीबों को उपचार की सुविधा मिल गई है, देश के प्रधानमंत्री ने दीर्घ दृष्टि से गरीबो के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं।योजनाओं से लाभांवित होकर देश की जनता प्रधानमंत्री को दुआएं दे रही हैं।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में हमारा भारत कैसा होगा और भारत को विश्वगुरू कैसे बनाएं, इन सबका प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने लकड़ी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है। भैंसायागढ़ा के ग्रामीणजनों ने अपनी मेहनत से विकसित किये गये वन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वन हमारे लिए अत्यंत उपयोगी है, उन्होंने सभी लोगों से कहा कि अपने घरों के सामने नीम का पेड़ अवश्य लगाएं। इस मौके पर उन्होंने नीम के पेड़ के महत्व पर भी प्रकाश डाला, साथ ही राज्यपाल द्वारा उपस्थित सभी जनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चन्द्रवंशी ने भी संबोधित करते हुए ग्राम में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए वन की जानकारी दी, साथ ही उन्होंने विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम पर प्रकाश भी डाला।

## विधायक चंद्रवंशी ने किया राज्यपाल का स्वागत



इसके पूर्व राज्यपाल का विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर अगवानी की। इसके बाद राज्यपाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसडी स्कॉलर ऐकेडमी के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, साथ ही सहारा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर आधारित सांस्कृति कार्यक्रम रामकथा की जीवन प्रस्तुती दी गई।

**कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का हुआ सीधा प्रसारण :** कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। इसके बाद सरकार की योजनाओं से लाभांवित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही दिनेश पिता रामकिशन मालवीय, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से स्वसहायता समूह की सागर पिता रामप्रसाद सौराष्ट्रीय, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही भगवानसिंह पिता हरिबक्श, आयुष्मान भारत निरामयम योजना के हितग्राही जगदीश पिता घासीराम तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही रामदुलारी बाई पति नर्मदा अहिरवार ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी सुनाई।

### राज्यपाल ने हितग्राहियों को किए प्रमाण पत्र प्रदान

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही रानीबाई पति पवन अहिरवार, लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही अर्चना पिता घासीराम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से विद्युत पंप प्राप्त करने वाले हितग्राही मनोहर सिंह गेंदालाल, प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास प्राप्त करने वाली मानुबाई पति मदनलाल तथा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण शौचालय प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले हितग्राही सुरेश पिता रामकिशन मेवाड़ा को राज्यपाल पटेल के द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान राज्यपाल पटेल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के समापन पर जनपद पंचायत सीईओ राजकुमार मंडल द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं आमजन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत दुबे ने किया कार्यक्रम के प्रारंभ एवं समापन पर राष्ट्रगान जनगणमन भी गाया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल, अनुविभागीय अधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। साथ ही कृषि विभाग की ओर से विज्ञान नर्सरी सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं के प्रदर्शन के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे।

# एलईडी पर दिखाया राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

### राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित कई लोगों ने देखा कार्यक्रम



**ब्यावरा।** अयोध्या में भविष्य श्रीराम मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को स्थानीय चिंता हरण हनुमान मंदिर पर एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण कर दिखाया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार शामिल हुए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान ने बताया कि ब्यावरा नगर में श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिका ब्यावरा द्वारा अयोध्या में श्रीराम के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एबी रोड स्थिति चिन्ताहरण हनुमान मंदिर एवं पीपल चौराहा स्थित काली माता मंदिर पर किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान नारायण सिंह पवार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, डॉ अशोक अग्रवाल, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दिलबर यादव, भाजपा महामंत्री अमित शर्मा, मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, अरविंद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री टेटवाल ने राम नाम बैंक का किया शुभारंभ



**सारंगपुर।** कपिलेश्वर महादेव मंदिर तक सेतु निगम के माध्यम से एक बड़े पुल का निर्माण एवं कार्तिक सागर डैम की मरम्मत के साथ ही कपिलेश्वर तीर्थ धाम को कपिल कोरिडोर बनवाया जाएगा। उक्त बात सोमवार को कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर श्री राम नाम बैंक का राम नाम लिख कर शुभारंभ किया। उनके साथ जनपद अध्यक्ष देवनारायण नगर पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी राम नारायण टेटवाल जयहिंद दुबे नंदकिशोर सोनी सहित अनेक राम भक्त उपस्थित थे। राम नाम बैंक के शुभारंभ के बाद कपिलेश्वर तीर्थ विकास भजन मंडल की ओर से कूमेर सिंह सोलंकी सचिव कैलाश शर्मा ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री टेटवाल सहित समस्त अतिथियों का सम्मान किया ।विशेष अतिथि विष्णु प्रसाद जोशी सहित सभी पर्यावरण प्रेमी थे। कार्यकम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया। आभार कुमैर सिंह सोलंकी ने माना। इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, मनोज जैन,राजेश बंसल,गिरवर भंडारी राजेश झंकार, लोकेश जाधव सहित मौजूद थे।

प्रजापिता संस्था ने किया आयोजन

# राम-दरबार की झांकी सजाकर श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा



**राजगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तहत प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा सोमवार को राम, सीता, लक्ष्मण की मनमोहक झांकी सजाई गई। इस दौरान संस्था में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए आदर्शों को जीवन में अंगीकार करते हुए रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरान्त राम-दरबार का रूप धरे कलाकारों के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो षिव-वरदान भवन से आरंभ होकर खुजनेर रोड, खिलचीपुर नाका, अंजनीलाल मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में सभी श्रृद्धालु महिला-पुरुष पीले वस्त्र धारण करके साथ चल रहे थे। यात्रा का मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं मंदिर में राम-दरबार की झांकी की आरती उतारी गई। इस अवसर पर समाजसेवी प्रताप सिंह सिसोदिया, आरसी शर्मा, अरविंद सक्सेना, षिवनारायण नामदेव, संस्था की जिला प्रमुख मधु दीदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### छापीहेड़ा थाना क्षेत्र का मामला

# पिंजरा लगाकर किया राष्ट्रीय पक्षी का शिकार, मामला दर्ज

**राजगढ़।** जिले के छापीहेड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार का मामला सामने आया है। एक नाबालिग किशोर पिंजरा लगाकर मोर का का शिकार कर रहा था जिसे सूचना के बाद पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी नाबालिग पर वन्यजीव अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। जानकारी के अनुसार छापीहेड़ा क्षेत्र के कंडेली ग्राम के हनुमान मंदिर के समीप एक 12 वर्षीय नाबालिग पिंजरा लगाकर मोर के शिकार के मकसद से बैठा हुआ था। वहां से गुजर रहे कुछ युवकों ने जब यह देखा तो उन्होंने नाबालिग से पूछताछ करते हुए पुलिस को सूचना दी। नाबालिग किशोर के पास मोर का एक बच्चा मृत एवं एक मोर घायल अवस्था में मिला था। घायल अवस्था में मिले मोर के दूसरे बच्चे ने थाने पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने नाबालिग किशोर पर 9/51 वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

# औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

### आयुष विभाग ने किया प्रशिक्षण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकजनों को औषधीय पौधों की खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आरएन गर्ग ने औषधीय खेती की तकनीकी रूपरेखा पर प्रकाष डाला। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. रूपेंद्र खांडवे ने औषधीय फसलों चंद्रसूर, चियासीड़, कलौंजी की खेती की विस्तृत जानकारी किसानों से साझा की। कृषि विभाग के उप-संचालक हरीश मालवीय ने राजगढ़ जिले में औषधी फसलों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं उद्यानिकी अधिकारी के.एस. गुर्जर ने औषधीय फसलों से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी उपस्थितजनों को दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. मिश्रा ने औषधी फसलों की विभिन्न उन्नत किस्मों एवं उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. लालसिंह ने हल्दी एवं अदरक की खेती के बारे में जानकारी प्रदान की।

### प्रमाण-पत्रों का किया वितरण

प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकों दरियाव सिंह तंवर, राधेष्याम दांगी ने अपने अनुभवों के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. अर्चना सक्सेना, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. लालसिंह, बीएस. मीना ने कृषकजनों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर आयुष विभाग के जगदीश वर्मा, राजू वर्मा, हेमंत वर्मा, कालूराम सहित अन्य उपस्थित थे।

# विवेकानंद विचार मंच ने किया विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता डॉ. कुलदीप भल्ला का सम्मान

**सारंगपुर।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को विवेकानंद विचार मंच द्वारा कार सेवा में जाने वाले नगर के विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता डॉ. कुलदीप भल्ला, महेश विजयवर्गीय , ,शिवनारायण लवंशी का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुरुचरण गोड़, मोहन पुष्पद ईशान, विष्णु पाटीदार, राजेंद्र पटवा, दिलीप परमार, कमल पुष्पद, सुशील व्यास, जुगल किशोर दुबे, दारासिंह, बद्रीलाल बामनिया, श्याम चैहान, सूरज सिंह मौर्य, बाबूलाल कोठार, लक्ष्मीनारायण राठौर कर्मचारी नेता धर्मेंद्र वर्मा व समाज सेवी सुरेश चौहान राधेश्याम मेवाडा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंच के संयोजक मोहन पुष्पद ने किया एवं आभार गुरुचरण गोड़ ने माना।

# श्री बड़ी हनुमान गढ़ी पर अप्रोच रोड का विधायक ने किया लोकार्पण

**नरसिंहगढ़।** सोमवार को नगर के प्रमुख श्री बड़ी हनुमान गढ़ी मंदिर पर बने अप्रोच रोड का विधायक ने लोकार्पण किया। इस दौरान मंदिर में आयोजित महाआरती में भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु सम्मिलित हुए। इस मौके पर मंदिर समिति सदस्यो ने विधायक को मंदिर विकास के आगामी कार्यो की जानकारी दी। विधायक मोहन शर्मा ने समिति सदस्यों को मंदिर विकास में हरसंभव मदद किए जाने की बात कही। इस दौरान अध्यक्ष श्याम तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

# चहुंओर राम नाम की गूंज, धर्ममय हुआ नगर, जगह-जगह प्रसादी बांटी

**नरसिंहगढ़।** लंबे अंतराल के बाद आखिरकार अयोध्या में भगवान श्रीरामलला का पदार्पण हुआ। श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरे क्षेत्र में उत्सव के रूप में मनाया गया। आम जनमानस में दीपावली से भी कही बढ़कर उत्साह देखा गया। गली, घर, मंदिर भगवा ध्वज पताकाओ से सुसज्जित नजर आए। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर, चौक, चौराहों और घर-घर महाआरती जैसे धार्मिक आयोजन सम्पन्न किए गए। इस दौरान कई मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठाएं की गईं। लोगों ने मिठाई बांटकर, अतिशबाजी चलाकर महोत्सव मनाया।

### जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

इस मौके पर चोपड़ा हनुमान मंदिर, श्री चिंताहरणेश्वर हनुमान मंदिर सूरजपोल, शिव धाम कॉलोनी में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। रघुनाथजी मंदिर, धर्मशाला हनुमान मंदिर, बड़ी हनुमान गढ़ी मंदिर, बलवटपुरा गौप चौहान हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर बड़ा महादेव सहित सभी मंदिरो में आयोजन सम्पन्न हुए। सर्राफा एसोसिएशन ने शिवजी चैक में रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की। कपड़ा व्यापारी संघ ने छारबाग चैराहे पर महाआरती और किराना व्यापारी संघ ने छत्री चौराहे दो क्विंटल लड्डू प्रसादी वितरित की। पिछले एक सप्ताह से चल रहे आयोजनों का सोमवार को समापन किया गया।

### राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी बेटियों को जीने दो टीम

**विदिशा।** बुधवार को बेटियों को जीने दो टीम राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी। टीम के साथी मेडिकल कॉलेज, जिला सरकारी अस्पताल में बेटियों को कपड़े बांटेंगे। इस दौरान इस दिन व अन्य दिनों में जन्म लेने वाली नवजात बेटियों के साथ वहां मौजूद सभी नवजात बेटियों की पूजा अर्चना कर व उन्हें कपड़े भेंट किए जाएंगे। परिजनों को बेटियों की अच्छी परवरिश करने का संकल्प भी दिलाएंगे। टीम अब तक मप्र, उप्र, तमिलनाडू की बेटियों को 1100 से ज्यादा कपड़े बांट चुकी है।

### पीएचई विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने, ईई बोले जांच कराएंगे

# झाड़ियों में पड़ी मिलीं शासकीय वाटर टेस्टिंग किट के ढेरों बॉटल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पीएचई विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। पीएचई की जल परीक्षण प्रयोगशाला में पानी जांचने के लिए शासन द्वारा भेजी जाने वाली अनेकों वाटर टेस्टिंग किटें खोयरी के निकट जंगल की झाड़ियों में पड़ी मिली हैं। इन किटों को यहां कौन फेंककर गया यह एक बड़ी जांच का विषय है क्योंकि इन सभी टेस्टिंग किट की एक्सपायरी डेट भी फिलहाल खत्म नहीं हुई है। ऐसे में इन शासकीय सामानों का इस तरह खुले जंगल में पड़े मिलना एक बड़ी जांच का विषय है।

### क्या है पूरा मामला

शासन द्वारा लघु उद्योग निगम के मार्फत पानी की शुद्धता, पानी में बैक्टीरिया(जीवाणु) आदि की उपस्थिति की जांच के लिए पोर्टेबल वाटर टेस्ट किट भेजी जाती है। यह किट एक छोटी बॉटल के रूप के रूप में रहती है जिससे यह जांचा जाता है कि जिस पानी को उपयोग किया जा रहा है वो पीने लायक है या नहीं। सोमवार को खोयरी महादेव मंदिर के सामने स्थित पार्वतीजी के मंदिर के पीछे जंगल की झाड़ियों में टेस्टिंग किट की अनेकों शीषियां पड़े होने की सूचना मीडियाकर्मियों को मिली। मौके पर जाकर देखने पर पता लगा कि इन टेस्टिंग किट की एक्सपायरी डेट भी अभी नहीं निकली है। इन किटों में नवंबर 2022 मेनीफ्रेक्चरिंग डेट लिखी हुई पाई गई जो आगामी नवंबर 2024 तक के लिए वैध है। इस तरह ये अभी एक्सपायर नहीं हुई हैं एवं इनका उपयोग पानी जांचने के लिए किया जा सकता है।

### करीब 400 से अधिक बॉटल्स पड़ी थी झाड़ियों में

ऐसा भी नहीं है कि टेस्टिंग किट के एक-दो बॉटल्स ही मौके पर नजर आई हों। करीब 400 से अधिक बॉटल्स झाड़ियों में पड़ी मिली हैं। इस तरह से यह एक बहुत बड़ी लापरवाही है जिसकी जांच और कार्रवाई की जाना अत्यंत आवष्यक है अन्यथा जिम्मेदार कर्मचारी आगे भी इन लापरवाहियों को दोहराते रहेंगे।



### जांच करवाएंगे

हो सकता है टेस्टिंग किटें ग्रामीणों को पानी जांचने के लिए दी गई हों और वे फेंक गए हों। यह भी संभव है कि हमारे स्टोर से किसी ने इन्हें चुरा लिया हो। हम इन्हें रिकवर करवा लेते हैं। जांच करवाएंगे कि आखिर ये वहां तक कैसे पहुंची।

**- श्री दवे,** कार्यपालन यंत्री, पीएचई, राजगढ़